# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र 2024 - 25

## चित्रकला आलेखन

## कक्षा - 12

समय : 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 100

नोट:- प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए हैं।

निर्देश:-

1- तीनों खण्डों के प्रश्न अनिवार्य हैं। खण्ड 'क' में वस्तुनिष्ठ प्रश्न, खण्ड 'ख' में आलेखन तथा खण्ड 'ग' में से किसी एक का चित्र बनाना।

2- आलेखन की इकाइयों को कम से कम दो अथवा तीन आवृत्तियों में बनाइये। स्केच पेन का प्रयोग वर्जित है।

3- खण्ड 'ग' में प्रकृति चित्रण, स्मृति चित्रण या प्राकृतिक दृश्य चित्रण अथवा वस्तु चित्रण में से किसी एक का चित्र बनाना है। सभी के अंक समान हैं।

4- ड्राइंग शीट के ऊपरी दाहिने कोने पर अपना अनुक्रमांक, अंकों तथा शब्दों में लिखिए तथा कक्ष निरीक्षक से उस पर हस्ताक्षर कराइये।

5- दिये गये पारदर्शी पेपर (कागज) पर भी अपना अनुक्रमांक लिखिए और उसे ड्राइंग शीट के साथ संलग्न कीजिए।

### खण्ड-'क'

### → वस्तुनिष्ठ प्रश्न ←

निम्नलिखित प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनिये और अपनी उत्तर पुस्तिका में क्रमानुसार स्पष्ट कीजिए।

1- कौन-सा रंग पारदर्शी है? 1 अंक

(अ) जल रंग (ब) मोम रंग

(स) तैल रंग (द) पोस्टर रंग

2- निम्न में से कौन सा रंग ठंडा है? 1 अंक

(अ) पीला (ब) हरा

(स) लाल (द) नारंगी

3- फर्श के केन्द्र के लिए कौन सा आकार उपयुक्त होगा? 1 अंक

(अ) वर्गाकार (ब) त्रिभुजाकार

(स) आयताकार (द) गोलाकार

4- आसमानी रंग का विरोधी रंग कौन-सा है? 1 अंक

(अ) समुद्री हरा (ब) बैगनी

(स) नारंगी (द) धानी

5- इन्द्रधनुष में कितने रंग होते हैं? 1 अंक

(अ) पांच (ब) दो

(स) सात (द) तीन

6- कौन सी पेन्सिल से खींची गयी रेखा अधिक काली होती है? 1 अंक

(अ) 6B (ब) HB

(स) 2B (द) H

7- अल्पना में कौन-सा रंग प्रयुक्त नहीं होता? 1 अंक

(अ) पीला (ब) लाल

(स) काला (द) नीला

8- रजाई के आलेखन के लिए कौन सा आकार उपयुक्त होगा? 1 अंक

(अ) वर्ग (ब) वृत्त

(स) आयत (द) समान्तर चतुर्भुज

9- षड़ंग के 'वर्णिकाभंग' का सम्बन्ध किससे है? 1 अंक

(अ) रेखा से (ब) रूप से

(स) रंग से (द) अनुपात से

10- निम्नलिखित में से द्वितीयक रंग कौन सा है? 1 अंक

(अ) लाल (ब) नारंगी

(स) पीला (द) नीला

**खण्ड 'ख'**

**आलेखन (अनिवार्य)**

1- 8 x 20 सेमी के आयत की रचना करें। इसके भीतर किनारी के लिए सुन्दर आलेखन बनायें, जिसमें डहेलिया के पुष्पों, पत्तियों व कलियों के साथ किसी भारतीय पशु का प्रयोग करें। चित्र में कम से कम दो आवृत्तियाँ अवश्य हों। आलेखन को तीन रंगों द्वारा पूरा करें। 60 अंक

अथवा

10 सेमी की त्रिज्या के वृत्त में तश्तरी के लिये सुन्दर आलेखन बनायें। आन्तरिक भाग को सजावट हेतु कुछ भागों में विभक्त कर सकते हैं। इसमें किसी भारतीय फूल पत्तियों, कलियों व लयात्मक रेखाओं का प्रयोग हों। आलेखन प्राकृतिक या अलंकारिक हो सकता है। चित्र में कम से कम दो आवृत्ति अवश्य हो। रंग संगति शीतल हो। कम से कम तीन रंगों का प्रयोग हो।

निम्न बिन्दुओं पर विशेष ध्यान दें।

क :- इकाई भौतिक हो। 12 अंक

ख :- लयात्मक रेखांकन 12 अंक

ग :- उत्तम रंग योजना 24 अंक

घ :- सामान्य प्रभाव व आकर्षण 12 अंक

## खण्ड 'ग'

### इस खण्ड से किसी एक का चित्रण करें।

### प्रकृति चित्रण

30 अंक

दिये गये ड्राइंग कागज पर सामने रखे हुए फूल का चित्रण करें, जिसमें एक फूल, एक कली व कम से कम तीन चार पत्तियाँ हों। चित्रण इस प्रकार करो कि टहनियों के जोड़, पत्तियों का रंग आदि उचित ढ़ंग से दिखाई दे। चित्रण स्मृति से कदापि न बनायें। चित्र 20 सेमी से छोटा ना हो।

निम्न बिन्दुओं पर ध्यान देकर चित्रण करें।

क :- चित्रण में फूल के उचित आकार व प्राकृतिक रूप पर — 10 अंक

ख :- पारदर्शी आकर्षक रंग योजना — 15 अंक

ग :- टहनी के जोड़ तथा प्राकृतिक सौष्ठव — 05 अंक

अथवा

### स्मृति चित्रण

30 अंक

प्रदत्त कागज पर अपनी स्मृति से निम्नलिखित में से किसी एक का छाया, प्रकाश तथा प्रतिच्छाया युक्त चित्र पेन्सिल अथवा चारकोल से बनाइये। चित्र 15 सेमी से छोटा न हो।

(i) पपीता
(ii) हजारा
(iii) खुली पुस्तक
(iv) खुर्पी

अथवा

### दृश्य चित्रण

30 अंक

दिये गये कागज पर 20 x 15 सेमी के आयत में किसी एक दृश्य का चित्रण कीजिए। चित्र को जल रंग पोस्टर रंग द्वारा पूर्ण कीजिए। चित्र संयोजन विषयानुरूप तथा सुन्दर हो।

(i) ग्रामीण दृश्य चित्रण (जिसमें कुएं से पानी भरती युवती हो)
(ii) मैदान में खेलते बच्चों के साथ ग्रामीण दृश्य चित्रण
(iii) ग्रामीण दृश्य चित्रण जिसमें ग्रामीण परिवेश में बातचीत करते लोग हों।

अथवा

### वस्तु चित्रण

30 अंक

दिये गये व्हाटमैन (हैण्डमेड) पेपर या कार्ट्रिज पेपर पर अपने सम्मुख रखी हुई वस्तु समूह का चित्रण कीजिए इसे जलरंग, पोस्टर रंग, पेस्टल रंग या आयल पेस्टल द्वारा चित्रित कीजिए। चित्र 20 सेमी से छोटा ना हो। वस्तु समूह के साथ पृष्ठभूमि के वस्त्र विन्यास (परदे) तथा अग्रभूमि का उचित चित्रण कीजिए।

(क) वस्तुओं का उचित आकार एवं सही अनुपात में चित्रण। — 10

(ख) रंग योजना में वस्तुओं वास्तविक रंगों एवं सही छाया प्रकाश एवं प्रतिच्छाया (परछाईं) का अंकन आवश्यक है। — 15

(ग) वस्तु संयोजन — 05